# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

*अध्यक्ष*
वजीन्द्र नारायण सिंह
( डब्लू॰ एन॰ सिंह )

*महासचिव*
गंगाधर लाल दास
( जी॰ एल॰ दास )

Truth Will Triumph

*उपाध्यक्ष*
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

*संयुक्त सचिव*
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

*कोषाध्यक्ष*
केशव रंजन प्रसाद

पत्र संख्या 15

पटना
दिनांक 19-2-2001

## कार्यवाही

दिनांक 18-2-2001 को बिहार प्रशासनिक सेवा संघ के केन्द्रीय कार्यकारिणी की बैठक श्री डब्लू0 एन0 सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किये गये:-

बैठक में गुजरात में आये भूकम्प से हुए जान-माल की क्षति पर गहरी संवेदना प्रकट की गई तथा वहाँ के मुख्य मंत्री को संघ के द्वारा संवेदना प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया। साथ ही साथ सभी सदस्यों से प्रधान मंत्री/मुख्य मंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में गुजरात भूकम्प पीड़ितों के लिए एक दिन का वेतन देने का भी अनुरोध किया गया।

बैठक में पिछले हड़ताल के समय सरकार एवं आला अधिकारी के साथ हुए बातचीत के बाद मुख्य सचिव द्वारा निर्गत पत्र संख्या 8199 दिनांक 28-10-2000 के अनुपालन की समीक्षा की गई। पत्र के अनुसार 31 दिसम्बर 2000 तक सभी स्तरों की प्रोन्नति देने, अगले कैलेण्डर वर्ष के लिए प्रोन्नति की सूची बनाने, प्रोन्नति की प्रक्रिया का सरलीकरण करने, जिला पदाधिकारी के 5 पदों पर हमारे सदस्यों को पदस्थापित करने एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा में हमारे सदस्यों की प्रोन्नति की सारी प्रक्रिया 31 दिसम्बर 2000 तक पूरी करनी थी और जनवरी 2001 के प्रथम सप्ताह में एक उच्च स्तरीय बैठक कर समीक्षा भी करना था। 18 फरवरी 2001 तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। केन्द्रीय कार्यकारिणी ने आज सर्वसम्मति से सरकार एवं आला अधिकारियों के इस नकारात्मक रवैया की घोर निन्दा का प्रस्ताव पारित करने का निर्णय लिया।

भा0प्र0से0 संघ के इस अनुरोध पर कि उनके वर्त्तमान आन्दोलन में बिहार

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O) 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

*अध्यक्ष*
वजीन्द्र नारायण सिंह
( डब्लू० एन० सिंह )

*महासचिव*
गंगाधर लाल दास
( जी० एल० दास )

Truth Will Triumph

*उपाध्यक्ष*
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

*संयुक्त सचिव*
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

*कोषाध्यक्ष*
केशव रंजन प्रसाद


पत्र संख्या.................................



पटना
दिनांक.................................

प्रशासनिक सेवा संघ भी शामिल हो, पर विचार विमर्श किया गया । केन्द्रीय कार्यकारिणी ने श्री एन० के० सिन्हा, सचिव सह परिवहन आयुक्त के साथ हुई शर्मनाक घटना की निन्दा करने का निर्णय लिया । जहाँ तक पूर्ण समर्थन देने का प्रश्न है उसके संबंध में केन्द्रीय कार्यकारिणी ने निर्णय लिया कि भा०प्र०से० संघ के अध्यक्ष एवं महासचिव से यह जानकारी प्राप्त कर ली जाय कि उनके आन्दोलन का स्वरूप क्या होगा और अन्य सेवा सम्वर्ग के पदाधिकारियों के साथ इस प्रकार की पिछली घटना और आगे होने वाली घटना पर उनके संघ का क्या रूख होगा । साथ ही साथ बिहार प्रशासनिक सेवा संघ को उचित वेतनमान देने-दिलाने, सभी स्तरों पर समय से प्रोन्नति देने, अपर सचिव एवं विशेष सचिव के पद पर पदाधिकारियों को पदस्थापित करने के साथ-साथ अन्य मुद्दों पर उनके संघ का क्या विचार है ।

केन्द्रीय कार्यकारिणी ने डा० मुन्नी दास, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गोराडीह, भागलपुर से प्राप्त पत्र के संदर्भ में मुख्य सचिव, गृह आयुक्त एवं जिला पदाधिकारी तथा आरक्षी अधीक्षक, भागलपुर को लिखे गये पत्र को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया कि भागलपुर के स्थानीय युनिट से प्रतिवेदन प्राप्त किया जाय और आगे की कार्रवाई अध्यक्ष एवं महासचिव सुनिश्चित करें ताकि दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई हो सके ।

राज्य के सुदूर देहातों में पदस्थापित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी जो जनगणना और चुनाव कार्य में लगे हैं की पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सरकार द्वारा नहीं की गई है । केन्द्रीय कार्यकारिणी ने आज की बैठक में सरकार एवं जिला पदाधिकारी से अनुरोध करने का निर्णय लिया है कि वे दोनों ही महत्वपूर्ण काम जो विषम परिस्थिति में हो रहा है, में हमारे संघ के सदस्यों तथा अय कर्मचारियों की

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O) 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

Truth Will Triumph

पत्र संख्या.............................



पटना
दिनांक..........

सुरक्षा का पक्की व्यवस्था करे, अन्यथा किसी प्रकार की अनहोनी घटना होने पर संघ विरोध के किसी भी स्तर तक जाने को तैयार है।

केन्द्रीय कार्यकारिणी ने पूर्व में हुए हड़ताल के संबंध में सरकार से यह भी अनुरोध करने का निर्णय लिया कि वे माननीय उच्च न्यायालय के सीटिंग जज की अध्यक्षता में एक समिति बनाये जो यह जाँच करे कि हमारी हड़ताल किन-किन आला अधिकारियों की हठधर्मिता के कारण हुई थी। हड़ताल के बाद मुख्य सचिव द्वारा निर्गत पत्र का अनुपालन आज तक क्यों नहीं हुआ और उसके लिए दोषी कौन-कौन पदाधिकारी हैं, सरकार उक्त निरंकुश, तानाशाह एवं हठधर्मी पदाधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करे अन्यथा हमारा संघ पुनः आन्दोलन करने को बाध्य होगा और इसकी सारी जिम्मेवारी सरकार की होगी।

केन्द्रीय कार्यकारिणी ने मुख्य सचिव द्वारा निर्गत पत्र का अनुपालन नहीं होने के विरुद्ध कार्रवाई के लिए विधि सम्मत राय भी प्राप्त करने का निर्णय लिया ताकि समय पर उचित कदम उठाया जा सके। उपरोक्त विषयों की जानकारी देने हेतु मुख्य सचिव से मिलने का भी कार्यक्रम तय करने का निर्णय लिया गया।

केन्द्रीय कार्यकारिणी ने आज की बैठक में यह निर्णय लिया कि सरकार उपरोक्त कार्रवाई खासकर मुख्य सचिव द्वारा निर्गत पत्र के सभी बिन्दुओं का अनुपालन सुनिश्चित करे। हमारा वेतनमान 8000-13500, अपर सचिव एवं विशेष सचिव का वेतनमान तथा उक्त पदों पर पदस्थापित करने, सेवा निवृत्ति की उम्र सीमा 60 वर्ष करने, संघ के सदस्यों को 5 जिला पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित करने, की कार्रवाई 15 मार्च 2001 तक सुनिश्चित करे अन्यथा हम पुनः आन्दोलन करने को

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O) / 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
( डब्लू० एन० सिंह )

महासचिव
गंगाधर लाल दास
( जी० एल० दास )

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

Truth Will Triumph

पत्र संख्या.........................

पटना
दिनांक..............................



बाध्य होंगे। पुनः आन्दोलन की रूपरेखा तैयार करने के लिए 18 मार्च 2001 को केन्द्रीय कार्यकारिणी की बैठक बुलाने का भी निर्णय लिया गया।

{जी०एल० दास}
महासचिव

{डब्लू० एन० सिंह}
अध्यक्ष